मंगलवार
9, जून , 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर



वर्ष 2, अंक 120 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार
www.apnanalanda.com

## एनडीए सभी 9 विधान परिषद सीटों पर दर्ज करेगा जीत : श्रवण कुमार



पटना(अपना नालंदा)। जनता दल (यूनाइटेड) के प्रदेश कार्यालय, पटना में सोमवार को आयोजित जनता दरबार में बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार, लेसी सिंह और सुनील कुमार ने विभिन्न जिलों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान संबंधित मामलों के त्वरित और समयबद्ध निष्पादन के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

मीडिया से बातचीत करते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने विधान परिषद चुनाव के लिए एनडीए उम्मीदवारों को बधाई देते हुए कहा कि गठबंधन के पास पर्याप्त संख्याबल है और सभी 9 सीटों पर जीत सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम को लेकर किसी प्रकार का संशय नहीं है। सुरक्षा व्यवस्था के सवाल पर उन्होंने कहा कि सरकार समय-समय पर इसकी समीक्षा करती है और निर्धारित नियमों के अनुसार सभी पात्र लोगों को सुरक्षा उपलब्ध कराई जाती है। लालू परिवार को भी नियमानुसार पर्याप्त सुरक्षा दी जा रही है।मंत्री लेसी सिंह ने कहा कि एनडीए सरकार सभी निर्णय नियमों और प्रक्रियाओं के तहत लेती है। चाहे आवास आवंटन का मामला हो या सुरक्षा व्यवस्था का, सरकार निष्पक्ष रूप से कार्य करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजद जनता के मुद्दों से दूर होकर केवल राजनीतिक स्वार्थ साधने में लगी हुई है।वहीं मंत्री सुनील कुमार ने पंचायत स्तर पर आयोजित 'सहयोग शिविरों' की सराहना करते हुए कहा कि इससे आम लोगों को सीधे लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह के प्रथम और तृतीय मंगलवार को आयोजित इन शिविरों में स्थानीय स्तर पर लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाता है। इस पहल को लेकर जनता में उत्साह और विश्वास बढ़ा है।

## राजगीर मलमास मेला: डीएम और एसपी ने देर रात किया निरीक्षण





अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। राजकीय राजगीर मलमास मेला 2026 की तैयारियों का जायजा लेने के लिए जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने रविवार देर रात तक मेला क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, विधि-व्यवस्था, श्रद्धालुओं की सुविधाओं, भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन एवं आपदा प्रबंधन से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मेला क्षेत्र के प्रवेश एवं निकास द्वार, प्रमुख धार्मिक स्थलों, पार्किंग स्थलों, नियंत्रण कक्ष, अस्थायी शिविरों तथा संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों का निरीक्षण किया। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध और प्रभावी ढंग से सुनिश्चित की जाएं।जिला पदाधिकारी ने स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, चिकित्सकीय टीमों की तैनाती, दवाओं और एम्बुलेंस की व्यवस्था को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पर्याप्त पुलिस बल, दंडाधिकारी एवं स्वयंसेवकों की तैनाती, सीसीटीवी निगरानी, सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली तथा त्वरित प्रतिक्रिया दल को सक्रिय रखने पर जोर दिया गया।

यातायात दबाव को देखते हुए वैकल्पिक मार्ग, पार्किंग व्यवस्था एवं सुगम आवागमन के लिए विशेष योजना लागू करने के निर्देश भी दिए गए। डीएम ने पेयजल, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, स्वास्थ्य एवं अग्निशमन सेवाओं को हर समय उपलब्ध रखने का निर्देश दिया।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और मेला क्षेत्र की प्रत्येक गतिविधि पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित कई प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

## नालंदा मंडल में दीनदयाल स्पर्श योजना के सफल विद्यार्थियों को मिला छात्रवृत्ति का चेक





संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा डाक मंडल के अंतर्गत दीनदयाल स्पर्श योजना 2025-26 में चयनित विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति राशि का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर डाक अधीक्षक कुंदन कुमार ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा जिले के अधिक से अधिक विद्यार्थियों से इस योजना का लाभ उठाने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान दीनदयाल स्पर्श योजना के तहत चयनित विद्यार्थियों को ₹6,000 की छात्रवृत्ति राशि का चेक प्रदान किया गया। इस वर्ष योजना के अंतर्गत सनबीम सेंट्रल स्कूल, कारगिल चौक, बिहारशरीफ के छात्र वैभव कुमार तथा सदर आलम मेमोरियल स्कूल, बिहारशरीफ के छात्र अभिनव कुमार सिन्हा का चयन हुआ।

डाक अधीक्षक ने कहा कि दीनदयाल स्पर्श योजना विद्यार्थियों में डाक टिकट संग्रह की रुचि विकसित करने और उनकी रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि यह योजना बच्चों को देश के इतिहास, संस्कृति और विरासत से जोड़ने का भी एक प्रभावी माध्यम है। विद्यार्थियों को इस योजना में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।

उन्होंने अभिभावकों एवं शिक्षकों से भी विद्यार्थियों को फिलेटली के प्रति जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम में सफल विद्यार्थियों के अभिभावकों ने भी प्रसन्नता व्यक्त की और डाक विभाग के इस प्रयास की सराहना की।

इस अवसर पर परिवाद निरीक्षक अभिषेक कुमार, डाक निरीक्षक रंजीत कुमार रजक, पोस्टमास्टर मनीष कुमार आनंद, डिप्टी पोस्टमास्टर अमलेश कुमार, मुन्नू कुमार, मृत्युंजय कुमार सहित अन्य डाककर्मी उपस्थित रहे।

## भीषण गर्मी में आंगनबाड़ी जाने को मजबूर बच्चे, अभिभावक चिंतित

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। प्रखंड क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी का असर अब आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ने वाले नौनिहाल बच्चों पर भी दिखने लगा है। समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत हरनौत प्रखंड में कुल 232 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं, जहां छोटे बच्चों को प्रतिदिन निर्धारित समय तक उपस्थित रहना पड़ता है। बढ़ते तापमान के कारण बच्चों और उनके अभिभावकों की चिंता लगातार बढ़ रही है।

आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिका (एलएस) गीता देवी ने बताया कि सुबह 8 बजे के बाद ही गर्मी का प्रकोप तेज हो जाता है। इसके बावजूद बच्चों को सुबह 7:30 बजे से 11:30 बजे तक केंद्रों में रहना पड़ता है। कई केंद्रों पर पर्याप्त पंखे, पेयजल और अन्य सुविधाओं का अभाव होने से बच्चों को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

आंगनबाड़ी सेविकाओं बबीता देवी, संजुलता कुमारी और पिंकी कुमारी ने बताया कि बढ़तीगर्मी के कारण अधिकांश अभिभावक



अपने बच्चों को केंद्र भेजने में असहज महसूस कर रहे हैं। कई अभिभावकों का मानना है कि छोटे बच्चों के स्वास्थ्य को देखते हुए फिलहाल केंद्रोंके संचालन समय में बदलाव या अवकाश पर विचार किया जाना चाहिए।

हालांकि विभागीय स्तर पर अभी तक कोई नया निर्देश जारी नहीं किया गया है। इस संबंध में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ) पिंकी कुमारी ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन को लेकर विभाग से जो भी आदेश प्राप्त होगा, उसी के अनुरूप आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल सभी केंद्र पूर्व निर्धारित समय के अनुसार संचालित किए जा रहे हैं।

# चंडी से विदा हुए सत्यम चंद्रवंशी, जनता ने दिया भावपूर्ण सम्मान



चितरंजन कुमार

चंडी (अपना नालंदा)। चंडी थाना अंचल के पुलिस निरीक्षक सत्यम चंद्रवंशी के अस्थावां थाना स्थानांतरण पर आयोजित विदाई समारोह में स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा गणमान्य लोगों ने उन्हें फूल-मालाओं से सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी। समारोह में बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

वक्ताओं ने कहा कि सत्यम चंद्रवंशी ने अपने कार्यकाल के दौरान कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने आम जनता के साथ बेहतर समन्वय स्थापित किया और निष्पक्ष व संवेदनशील कार्यशैली के कारण क्षेत्र के लोगों के बीच विशेष पहचान बनाई। लोगों ने कहा कि उनके नेतृत्व में पुलिस और जनता के बीच विश्वास का माहौल मजबूत हुआ।

अपने संबोधन में सत्यम चंद्रवंशी ने चंडी की जनता से मिले प्रेम, सहयोग और सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि चंडी में बिताया गया समय उनके जीवन की अमूल्य स्मृतियों का हिस्सा रहेगा। यहां के लोगों का स्नेह और विश्वास उन्हें हमेशा प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि समाज में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और जनता के बीच बेहतर तालमेल आवश्यक है।उन्होंने अपने कार्यकाल में मिले सहयोग के लिए सभी वर्गों का धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के अंत में लोगों ने उन्हें नए कार्यस्थल अस्थावां थाना में सफलतापूर्वक दायित्व निभाने की शुभकामनाएं दीं। विदाई के दौरान माहौल भावुक हो गया और कई लोगों ने उनसे जुड़ी यादों को साझा कर उन्हें सम्मानपूर्वक विदा किया

# नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में रोमांचक मुकाबले, खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। स्थानीय प्रखंड मुख्यालय स्थित पशुचारा मैदान में हरनौत नगर पंचायत कमेटी के सौजन्य से आयोजित नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को दो रोमांचक मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन और दर्शकों के उत्साह से मैदान देर रात तक गुलजार रहा। टूर्नामेंट के तहत पहला मुकाबला मिसी और बस्ती टीम के बीच खेला गया, जबकि दूसरा मुकाबला रेलवे क्वार्टर और जोरारपुर टीम के बीच आयोजित हुआ। पहला मैच शाम 6:30 बजे शुरू हुआ, जबकि दूसरा मुकाबला रात 8:30 बजे से खेला गया। प्रतियोगिता में प्रत्येक टीम के लिए 10 ओवर और 11 खिलाड़ियों की व्यवस्था निर्धारित की गई है। आयोजकों के अनुसार अंपायर एवं टूर्नामेंट कमेटी का निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा। प्रतियोगिता का आयोजन सुपर लीग आधार पर किया जा रहा है।

हरनौत नगर पंचायत के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के संयोजक धीरज कुमार उर्फ पल्लू सिंह तथा बस्ती पैक्स अध्यक्ष सह व्यापार मंडल अध्यक्ष दिलीप सिंह ने बताया कि टूर्नामेंट का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में क्षेत्र की विभिन्न टीमों की भागीदारी से खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

मौके पर नीरज कुमार, राज कुमार, बिट्टू कुमार, बुदल कुमार, अमन, आदित्य, राहुल, छोटू और पियूष सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे। टूर्नामेंट के आगामी मुकाबलों को लेकर खिलाड़ियों और दर्शकों में काफी उत्साह है।









# राजगीर मलमास मेला में जनसुराज नेता ने किया पितरों का तर्पण, वैतरणी तट पर की पूजा-अर्चना



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जनसुराज के व्यवसायिक प्रकोष्ठ के बिहार प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र कुमार विभूति ने रविवार को राजगीर मलमास मेला में वैदिक परंपरा के अनुसार अपने पितरों की आत्मा की शांति एवं मोक्ष की कामना को लेकर वैतरणी नदी के तट पर तर्पण पूजा की। इस दौरान उन्होंने विधिवत मंत्रोच्चार के बीच जल अर्पित कर अपने पूर्वजों को श्रद्धांजलि दी।

उपेंद्र कुमार विभूति ने कहा कि सनातन संस्कृति में पितरों का तर्पण एवं श्राद्ध अत्यंत महत्वपूर्ण धार्मिक परंपरा है। मान्यता है कि तर्पण करने से पूर्वजों की आत्मा को शांति मिलती है तथा परिवार पर उनका आशीर्वाद बना रहता है। उन्होंने कहा कि राजगीर का मलमास मेला धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से देशभर में विशेष महत्व रखता है, जहां लाखों श्रद्धालु विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेते हैं।

वैतरणी नदी के तट पर पूजा-अर्चना के बाद उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की।

मलमास मेले में इन दिनों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है और विभिन्न धार्मिक स्थलों पर पूजा-पाठ, स्नान एवं दान-पुण्य का सिलसिला लगातार जारी है। राजगीर का यह ऐतिहासिक मेला आस्था, श्रद्धा और सनातन परंपराओं का अद्भुत संगम बना हुआ है।

# जमीन विवाद में दबंगों का हमला, दंपति घायल, आभूषण छीने गए



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहार थाना क्षेत्र के महलपर मोहल्ले में रविवार देर रात जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित दंपति ने आरोप लगाया है कि दबंगों ने न केवल उनके साथ मारपीट की, बल्कि सोने के आभूषण भी छीन लिए। दोनों का इलाज बिहारशरीफ मॉडल सदर अस्पताल में चल रहा है।

घायलों की पहचान महलपर निवासी 45 वर्षीय राजूराम और उनकी पत्नी 35 वर्षीय पिंकी देवी के रूप में हुई है। राजूराम ने बताया कि उनके घर के पास स्थित जमीन पर मोहल्ले के ही बद्दू लाल द्वारा मिट्टी फेंकी जा रही थी। जब उन्होंने इसका विरोध किया और ऐसा करने से मना किया, तो आरोपित ने पहले गाली-गलौज की। इसके बाद वह 5 से 6 लोगों के साथ मौके पर पहुंचा और लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

राजूराम के अनुसार, शोरगुल सुनकर उनकी पत्नी पिंकी देवी बीच-बचाव करने पहुंचीं, लेकिन हमलावरों ने उन्हें भी नहीं बख्शा और मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित दंपति का आरोप है कि हमले के दौरान उनके गले से सोने का लॉकेट और मंगलसूत्र भी छीन लिया गया।घटना के बाद आसपास के लोगों ने दोनों को इलाज के लिए बिहारशरीफ मॉडल सदर अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों की देखरेख में दोनों का उपचार जारी है।

इधर, बिहार थानाध्यक्ष दीपक सम्राट ने बताया कि मामले में अभी तक कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। आवेदन मिलने पर जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।









# मोदी सरकार के 12 साल पूरे होने पर दिल्ली से बुलावा, बिहार के वरिष्ठ पत्रकार कमल किशोर को मिला विशेष आमंत्रण




नई दिल्ली/औरंगाबाद (अपना नालंदा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के अवसर पर 9 जून को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम के समिट हॉल में विशेष मीडिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में देशभर के चुनिंदा संपादकों और वरिष्ठ पत्रकारों को आमंत्रित किया गया है। बिहार से नवबिहार टाइम्स के प्रधान संपादक कमल किशोर को भी इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

यह आमंत्रण भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की ओर से भेजा गया है। कार्यक्रम में भाजपा नेतृत्व के साथ-साथ कई वरिष्ठ केंद्रीय मंत्री भी शामिल होंगे और केंद्र सरकार की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा भविष्य की विकास योजनाओं पर विस्तार से चर्चा करेंगे।भाजपा के राष्ट्रीय मीसह प्रमुख डिया प्रमुख अनिल बलूनी एवं राष्ट्रीय मीडिया डॉ. संजय मयूख ने बताया कि मोदी सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन, विकास और गरीब कल्याण के लिए समर्पित रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनधन योजना, डिजिटल इंडिया, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, आत्मनिर्भर भारत अभियान तथा कोरोना काल में व्यापक टीकाकरण जैसी योजनाएं सरकार की प्रमुख उपलब्धियों में शामिल हैं।

यह संवाद कार्यक्रम केंद्र सरकार और मीडिया के बीच विचार-विमर्श का महत्वपूर्ण मंच बनेगा। कमल किशोर को लगातार दूसरे वर्ष इस राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाना बिहार की पत्रकारिता के लिए गौरव की बात मानी जा रही है। इससे पहले भी उन्हें एनडीए सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर आयोजित मीडिया संवाद कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था

# घरेलू गैस के दाम बढ़ाना आम जनता पर महंगाई का नया बोझ : मनीष यादव

संजय कुमार


बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। युवा शक्ति संगठन नालंदा के जिला अध्यक्ष मनीष यादव ने घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में 29 रुपये की बढ़ोतरी पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे आम जनता के हितों के खिलाफ बताया है। उन्होंने कहा कि लगातार पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि से आम लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। महंगाई के कारण गरीब, मजदूर, किसान, छात्र और महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है।



मनीष यादव ने कहा कि इससे पहले 7 मार्च 2026 को घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम में 60 रुपये की बढ़ोतरी की गई थी और अब पुनः 29 रुपये बढ़ा दिए गए हैं। इससे मध्यमवर्गीय और निम्न आय वर्ग के परिवारों का घरेलू बजट पूरी तरह प्रभावित हो गया है। उन्होंने कहा कि छोटे गैस सिलेंडरों की कीमत बढ़ने से गरीब और छात्रों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

उन्होंने यह भी कहा कि व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की कीमतों में लगातार वृद्धि से होटल, रेस्टोरेंट और छोटे व्यवसाय संचालकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उनके अनुसार बढ़ती महंगाई का असर सीधे रोजमर्रा की जरूरतों और व्यवसायों पर पड़ रहा है।

मनीष यादव ने आरोप लगाया कि चुनावी समय में केंद्र सरकार महंगाई पर नियंत्रण की बात करती है, लेकिन चुनाव समाप्त होते ही पेट्रोलियम पदार्थों और गैस की कीमतों में बढ़ोतरी शुरू हो जाती है। उन्होंने कहा कि यह आम जनता, किसानों, छात्रों और महिलाओं के साथ अन्याय है। केंद्र सरकार को जनविरोधी नीतियों को छोड़कर महंगाई पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।






# भाजपा प्रशिक्षण महाअभियान में डेढ़ लाख कार्यकर्ताओं को मिला प्रशिक्षण



पटना (अपना नालंदा)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के तहत आयोजित मंडल और जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्गों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में अभियान की उपलब्धियों का मूल्यांकन करते हुए आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई।

बैठक में प्रशिक्षण अभियान के केंद्रीय प्रभारी एवं सांसद अमरपाल मौर्य, प्रदेश संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया, अभियान संयोजक मृत्युंजय झा सहित कई पदाधिकारी एवं प्रशिक्षण टोली के सदस्य मौजूद रहे। समीक्षा के दौरान बताया गया कि बिहार भाजपा ने सभी 52 संगठनात्मक जिलों में जिला प्रशिक्षण वर्ग आयोजित कर लगभग 20 हजार कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया। वहीं प्रदेश के 1420 मंडलों में आयोजित प्रशिक्षण वर्गों केमाध्यम से डेढ़ लाख से अधिक कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक, वैचारिक, राजनीतिक और सामाजिक विषयों की जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के दौरान भाजपा की विचारधारा, संगठन की कार्यपद्धति, जनसंपर्क, सोशल मीडिया, चुनाव प्रबंधन और सेवा कार्यों से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं की भूमिका और संगठन को मजबूत बनाने में उनके योगदान पर भी विचार-विमर्श किया गया।पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकास कार्यों की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। साथ ही लाभार्थियों से लगातार संवाद बनाए रखने पर जोर दिया गया। बैठक के अंत में विश्वास व्यक्त किया गया कि यह महाअभियान संगठन को नई ऊर्जा देने के साथ आगामी राजनीतिक और संगठनात्मक गतिविधियों के लिए मजबूत आधार तैयार करेगा।

# राजद उम्मीदवार डॉ सुनील कुमार सिंह ने दाखिल किया नामांकन



पटना(अपना नालंदा)। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के उम्मीदवार डॉ. सुनील कुमार सिंह ने सोमवार को बिहार विधान परिषद चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने विधानसभा के प्रभारी सचिव सह निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष दो सेट में नामांकन पत्र प्रस्तुत किया।

नामांकन के दौरान राजद और महागठबंधन के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इस अवसर पर राजद के राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, मुख्य सचेतक कुमार सर्वजीत, कांग्रेस नेता मदन मोहन झा तथा भाकपा (माले) के आईपी गुप्ता ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इसके अलावा विधायक भाई वीरेंद्र, रणविजय साहू, सुरेन्द्र राम, सतानंद संबुद्ध उर्फ ललन यादव, अनीता देवी, राहुल कुमार शर्मा, गौतम कृष्णा, करिश्मा राय, सावित्री देवी, शंकर यादव, अजय कुमार दांगी, सुबेदार दास, अमरेन्द्र कुशवाहा, आसिफ अहमद और अविनाश मंगलम भी मौजूद रहे।

नामांकन कार्यक्रम में विधान पार्षद कार्तिकेय सिंह, मुन्नी रजक, अशोक कुमार पांडेय और अजय कुमार सिंह सहित कई जनप्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। वहीं प्रदेश राजद के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, पूर्व विधायक सुदय यादव, विनय कुमार यादव, मुकेश रोशन, विजय कुमार मंडल, प्रमोद कुमार वर्मा, जेम्स कुमार यादव और उपेन्द्र चंद्रवंशी समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे।

नामांकन के बाद नेताओं ने डॉ. सुनील कुमार सिंह की जीत का भरोसा जताते हुए कहा कि राजद और महागठबंधन पूरी मजबूती के साथ चुनाव मैदान में है तथा बेहतर प्रदर्शन करेगा।

# राजगीर मलमास मेला पर उपेंद्र विभूति का बड़ा बयान, बोले- नफा तो दूर, पूंजी बचाना मुश्किल




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जनसुराज के व्यवसायिक प्रकोष्ठ के बिहार प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र कुमार विभूति ने अपना नालंदा से विशेष बातचीत में राजगीर के ऐतिहासिक राजकीय मलमास मेला की व्यवस्थाओं, व्यापारिक गतिविधियों और मेले में आ रही चुनौतियों पर विस्तार से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा, विधि-व्यवस्था और अन्य आवश्यक सुविधाओं को लेकर सराहनीय कार्य किए गए हैं, लेकिन कुछ महत्वपूर्ण कमियों के कारण मेला से जुड़े व्यापारी, मेला ठेकेदार और मनोरंजन व्यवसाय से जुड़े लोग आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं।

उपेंद्र कुमार विभूति ने कहा कि इस बार मेले में सर्कस संचालक, थिएटर संचालक, विभिन्न झूलों के संचालक, दुकान लगाने वाले व्यापारी तथा अन्य व्यावसायिक वर्गों के चेहरे पर मायूसी साफ दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि अधिकांश व्यवसायियों को लाभ होने की उम्मीद तो दूर, अपनी मूल पूंजी तक डूबने की चिंता सता रही है। इससे मेले से जुड़े व्यापारिक वर्ग में असंतोष का माहौल है।

उन्होंने कहा कि राजगीर का राजकीय मलमास मेला धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। एक माह तक चलने वाले इस मेले में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु पूजा-अर्चना, कुंड स्नान और धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेने के लिए पहुंचते हैं। सुबह से लेकर देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रहती है। हालांकि, मेले में आने वाले लोगों का एक बड़ा वर्ग ऐसा भी है जो परिवार के साथ मेला घूमने, झूला झूलने, सर्कस और थिएटर देखने तथा खरीदारी करने के उद्देश्य से आता है।

विभूति ने कहा कि यही वर्ग मेले के व्यापारिक पक्ष को मजबूत करता है, लेकिन इस बार यातायात और पार्किंग व्यवस्था के कारण बड़ी संख्या में लोग राजगीर तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि नवादा, गया और आसपास के जिलों से आने वाले लोगों के वाहनों को बनगंगा के पास ही रोक दिया जाता है, जबकि वहां से मेला क्षेत्र की दूरी लगभग चार से पांच किलोमीटर है। इसी प्रकार गिरियक मोड़, रेलवे क्रॉसिंग मोड़ और छबीलापुर की ओर से आने वाले वाहनों को भी पहले ही रोक दिया जाता है।उन्होंने कहा कि इन स्थानों पर पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था नहीं होने के कारण लोग अपने वाहन छोड़कर मेला क्षेत्र तक जाने में असुविधा महसूस करते हैं। कई लोग परिवार के साथ आने के बावजूद बीच रास्ते से ही वापस लौट जाते हैं। इसका सीधा असर मेले में लगे दुकानदारों, झूला संचालकों, थिएटर और सर्कस व्यवसायियों की आय पर पड़ रहा है।

उपेंद्र कुमार विभूति ने जिला प्रशासन से मांग की कि मेले की अवधि अभी लगभग एक सप्ताह शेष है। ऐसे में पार्किंग और आवागमन की व्यवस्था में तत्काल सुधार किया जाना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक लोग मेले तक पहुंच सकें और व्यापारियों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में कोई भी मेला का ठेका लेने, झूले लगाने, सर्कस या थिएटर संचालित करने अथवा व्यापार करने के लिए आगे नहीं आएगा। इससे आने वाले वर्षों में राजगीर मलमास मेला का व्यापारिक आकर्षण प्रभावित हो सकता है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रशासन श्रद्धालुओं की सुविधा के साथ-साथ व्यापारिक वर्ग की समस्याओं पर भी गंभीरता से विचार करेगा, ताकि इस ऐतिहासिक मेले की धार्मिक और आर्थिक दोनों महत्ता बनी रहे।



# जनता दरबार में 21 मामलों की सुनवाई, त्वरित समाधान का आश्वासन




अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। विभागीय निर्देशानुसार सोमवार को आयोजित जनता दरबार में जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय ने अपने कार्यालय कक्ष में आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निष्पादन का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी द्वारा 9 आवेदनों की सुनवाई की गई, जबकि अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राजीव कुमार एवं अन्य अधिकारियों ने समाहरणालय सभाकक्ष में 12 मामलों की सुनवाई की। इस प्रकार कुल 21 आवेदनों का निस्तारण हेतु विचार किया गया।

जनता दरबार में अतिक्रमण से जुड़े 5 मामले, भूमि विवाद के 2 मामले, बंदोबस्ती पर्चा से संबंधित 2 मामले, नली-गली का 1 मामला, चापाकल से जुड़े 2 मामले तथा विद्युत विपत्र से संबंधित शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। इसके अलावा बिजली, जलजमाव, विधि-व्यवस्था एवं अन्य विभागों से संबंधित समस्याओं पर भी सुनवाई की गई।

जिला पदाधिकारी ने सभी मामलों को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई का निर्देश दिया। राशन कार्ड से जुड़े मामलों के समाधान के लिए अनुमंडल पदाधिकारी, विद्युत संबंधी शिकायतों के लिए कार्यपालक अभियंता, बिजली विभाग तथा पेयजल आपूर्ति से जुड़े मामलों के लिए पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

जनता दरबार में अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राजीव कुमार, अपर समाहर्ता विभागीय जांच विनय कुमार सिंह, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग की सहायक निदेशक विजेता रंजन सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# लिपिक प्रतियोगिता परीक्षा में कदाचार रोकने को प्रशासन सख्त




अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। अधिनायक लिपिक प्रतियोगिता परीक्षा-01/2026 के कदाचारमुक्त, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संचालन को लेकर जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित ग्राम प्लेक्स भवन में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की ब्रीफिंग आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा के सफल संचालन तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिला पदाधिकारी ने बताया कि अधिनायक लिपिक पद पर नियुक्ति के लिए परीक्षा 10 जून 2026 को पूर्वाह्न 10 बजे से मध्याह्न 12 बजे तक एक पाली में आयोजित होगी। परीक्षा जिले के 10 केंद्रों पर संपन्न कराई जाएगी। अभ्यर्थियों के लिए रिपोर्टिंग समय सुबह 8:30 बजे निर्धारित किया गया है, जबकि परीक्षा केंद्रों का प्रवेश द्वार सुबह 9:30 बजे बंद कर दिया जाएगा। निर्धारित समय के बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि बिना प्रवेश पत्र एवं वैध फोटो पहचान पत्र के किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। साथ ही मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच अथवा किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के साथ प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।गर्मी को देखते हुए सभी परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, ओआरएस, मेडिकल किट, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, समुचित प्रकाश व्यवस्था तथा जनरेटर की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। परीक्षा से संबंधित शिकायतों एवं सूचनाओं के लिए जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष संख्या 06114-223013 निर्धारित किया गया है। अधिकारियों को परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण और पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

# गवाह की हत्या के बाद कार्रवाई, भेलावर थानाध्यक्ष तत्काल निलंबित किए गए



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जहानाबाद जिले में एक बार फिर अपराधियों ने दुस्साहस का परिचय देते हुए हत्या की एक सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया। इस घटना के बाद पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने सख्त कार्रवाई करते हुए भेलावर थाना प्रभारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

जानकारी के अनुसार भेलावर थाना क्षेत्र के निसरपुरा गांव निवासी 45 वर्षीय मुन्ना कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बताया जाता है कि मुन्ना कुमार पूर्व में हुए एक हत्याकांड के महत्वपूर्ण गवाह थे। उनके भतीजे शिवम कुमार की 15 मई की रात अपराधियों ने लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। शिवम अपने डीजे उपकरणों की सुरक्षा के लिए वहां सोया हुआ था। इस मामले में मुन्ना कुमार आरोपितों के खिलाफ गवाही दे रहे थे और न्यायालय में मुकदमे की पैरवी भी कर रहे थे।

परिजनों के अनुसार शिवम हत्याकांड के आरोपित लगातार मुन्ना कुमार को धमकी दे रहे थे। उन्हें कई बार जान से मारने की चेतावनी दी गई थी। इस संबंध में उन्होंने भेलावर थाना में आवेदन देकर अपनी सुरक्षा की मांग भी की थी। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया और पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध नहीं कराई, जिसके कारण अपराधियों ने उनकी हत्या कर दी।

घटना शनिवार देर शाम की बताई जा रही है। मुन्ना कुमार अपने गांव ओकरी-निसरपुरा लौट रहे थे। इसी दौरान जलालपुर ईंट-भट्ठा के समीप पहले से घात लगाए अपराधियों ने उन्हें चारों ओर से घेर लिया और ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। गोली लगने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सहायता से उन्हें तत्काल जहानाबाद सदर अस्पताल पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पटना स्थित पीएमसीएच रेफर कर दिया। इलाज के दौरान देर रात उनकी मौत हो गई।

मुन्ना कुमार की मौत की खबर फैलते ही ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया। गुस्साए लोगों ने शव को राष्ट्रीय राजमार्ग-22 पर रखकर सड़क जाम कर दिया। इससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। ग्रामीण आरोपितों की गिरफ्तारी और दोषी पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अपराजिता लोहान, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनीष चंद्र चौधरी तथा कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने लोगों को समझा-बुझाकर स्थिति को नियंत्रित किया और सड़क जाम समाप्त कराया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया।मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक अपराजिता लोहान ने भेलावर थाना प्रभारी रंजीत कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। बताया गया कि सुरक्षा मांगने के बावजूद पर्याप्त कार्रवाई नहीं किए जाने और लापरवाही बरतने के आरोप में यह कदम उठाया गया है। पुलिस अधीक्षक ने मामले की गहन जांच के आदेश दिए हैं तथा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान शुरू कर दिया गया है। इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।



# धार्मिक वर्जनों के बावजूद अरथी को कंधा दे शमशान घाट तक पहुंची महिलाएं



संजय वर्मा

नवादा(अपना नालंदा)।जिला मुख्यालय के लाइन पर मिर्जापुर निवासी सह मानववादी संगठन अर्जक़ संघ आर्थिक समिति के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर ब्रह्मदेव प्रसाद की पत्नी 70 वर्षीया सुधारानी का निधन उपरांत आज महिलाओं ने अरथी को कंधा देकर शमशान घाट तक पहुंची। ऐसे धार्मिक व रूढ़ीवादी मान्यताओं के अनुसार महिलाओं के द्वारा अरथी कंधा देना व शमशान घाट तक पहुंचाना वर्जित है। ऐसे में मानववादी संगठन अध्यक्ष संघ के पहल पर महिलाओं ने न सिर्फ अरथी को कंधा दी बल्कि शमशान घाट तक भी पहुंचाई और चिता को अग्नि भी दिया।

जिसके कारण यह बात इलाके में चर्चा की विषय बनी हुई है। अरथी को कंधा देने वालों में मृतिका की पुत्री इंजीनियर विदुषी भारती, पतोहू मधुवाला कुमारी व नेहा कुमारी, पोती टिमतिम, टूटू व टिया के अलावा बड़ी संख्या में अर्जक़ संघ से प्रभावित महिलाओं सुरभि कुमारी, रंजू कुमारी आदि ने अरथी को कंधा दी। शव यात्रा के दौरान राम नाम सत्य है की जगह जीवन मरण सत्य है, सुधा रानी अमर रहे, सुधारानी जिंदाबाद, मानववाद जिंदाबाद, अर्जक़ संघ जिंदाबाद के जयकारे लगाए जा रहे थे। शव यात्रा का नेतृत्व कर रहे अर्जक़ संघ सांस्कृतिक समिति के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र पथिक ने बताया कि स्त्री पुरुष की समानता को स्थापित करने के लिए यह पहल की जा रही है। साथ ही अवैज्ञानिक व रूढ़िवादी व्यवस्थाओं को नकार कर मानववादी व्यवस्था स्थापित करने के लिए यह कदम द्वारा उठाया गया। इंजीनियर ब्रह्मदेव प्रसाद मूल रूप से रोह प्रखंड के मनियोचक गांव के निवासी हैं।

इस मौके पर मृतिका के पुत्र ई मनीष कुमार, ई नीतीश कुमार के अलावा वरिष्ठ पत्रकार व शिक्षाविद अविनाश निराला, रामसहाय महतो, सुमन सौरभ, सुरेन्द्र प्रसाद, जगदीश प्रसाद केशरी, परमेश्वर मंडल, भुवनेश्वर प्रसाद, राम सहाय प्रसाद,बैजनाथ प्रसाद, सुनील कुमर, नरेंद्र कुमार, गोरेलाल कुमार, सुशील कुमार सिंह, गोपाल भगत, किशोरी शरण वर्मा आदि दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# नप के अधिकारी सुन नहीं रहे,मोहल्लेवासी ने खुद भर लिया सड़क के गड्ढे



संजय वर्मा

नवादा (अपना नालंदा) ।वारिसलीगंज नगर परिषद के विस्तारीकरण में मकनपुर ग्राम पंचायत से कटकर 50 घरो का मोहल्ला गोपालपुर नप के वार्ड 07 में जुड़ गया। चूंकि मोहल्ले में नए घर बनने के बाद करीब डेढ़ सौ मीटर का मुख्य गड्ढा हो गया। फलस्वरूप गांव की नालियों एवं बरसात का पानी सड़क पर जमा होकर किचड्यूक्त होने लगा।इस संबंध की कई खबरे अखबारों में प्रकाशित किया गया था। परंतु नप के अधिकारियों की निद्रा भंग नहीं हुई। फलतः मोहल्लेवासियों ने अपना हाथ जगरनाथ वाली लोकोक्ति को चरितार्थ करते हुए खुद के पैसे से भट्ठा का छाई मंगवाकर जलजमाव वाले स्थान को ऊंचा किया है। सोमवार को मोहल्ला निवासी समाजिक कार्यकर्ता संतोष कुमार ने बताया कि तीन बर्ष पहले गोपालपुर नप में जुड़ा था। परंतु अब तक मोहल्ले के अपेक्षित विकास नहीं हुआ है। गांव में नाली गली की हालत बदतर है। जबकि मुख्य सड़क बजरंगवली से लेकर शंकर सिंह के घर तक कि सड़क को भराई करवाकर उच्चा किया है। ग्रामीण आपस मे चंदा जमाकर खुद सड़क भरवाया है। मोहल्लेवासियों के इस प्रकार के सामाजिक सहयोगपूर्ण कार्य की सर्वत्र प्रशंसा हो रही है।

-नप के गोपालपुर मोहल्ले को हाल ही में नप में जोड़ा गया है। होने वाली बैठक में गोपालपुर के सर्वांगीण विकास का सूची बनाकर चकाचक बनाया जाएगा।-अरुण कुमार,कनीय अभियंता, नप कार्यालय (नवादा)

# हरनौत बाजार में खुले ट्रांसफार्मर बने खतरा, सुरक्षा जाली लगाने की मांग



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के हरनौत बाजार में खुले में लगे बिजली ट्रांसफार्मर लोगों के लिए खतरे का कारण बने हुए हैं। दक्षिण बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा क्षेत्र में बिजली आपूर्ति के लिए 63 केवी, 100 केवी और 200 केवी क्षमता के दो दर्जन से अधिक ट्रांसफार्मर स्थापित किए गए हैं, लेकिन इनमें से अधिकांश ट्रांसफार्मरों के चारों ओर सुरक्षा जाली या घेराबंदी नहीं की गई है।

मानसून का मौसम नजदीक आने के साथ ही स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ गई है। बरसात के दौरान खुले ट्रांसफार्मरों से करंट फैलने या अन्य दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है, जिससे मनुष्यों और पशुओं की जान जोखिम में पड़ सकती है। खास बात यह है कि ये ट्रांसफार्मर घनी आबादी और व्यस्त बाजार क्षेत्रों में स्थित हैं।कल्याण बिगहा रोड मोड़, डाक-बंगला, आदर्श नगर मोड़, चंडी मोड़ रोड, प्रखंड मुख्यालय गेट, श्रीचंदपुर, नियामतपुर, स्टेशन रोड, डिहरीगढ़, चेरन, बस्ती, गोगीपर, पोरई, सबनहुआडीह और गोनावां रोड सहित कई स्थानों पर ट्रांसफार्मर खुले पड़े हैं। इनके आसपास ठेला-खोमचा लगाने वालों के साथ-साथ हजारों लोगों का प्रतिदिन आवागमन होता है।स्थानीय निवासियों और दुकानदारों ने विभाग से मांग की है कि किसी संभावित हादसे से पहले सभी ट्रांसफार्मरों के चारों ओर लोहे की जाली लगाकर उन्हें सुरक्षित बनाया जाए। इस संबंध में बिजली आपूर्ति प्रशाखा हरनौत के कनीय अभियंता मनीष कुमार ने बताया कि खुले ट्रांसफार्मरों को जल्द ही सुरक्षा जाली लगाकर कवर करने की कार्रवाई की जाएगी।

# जनसुनवाई में सुनी गईं 13 शिकायतें, कई मामलों का त्वरित निपटारा




संजय वर्मा

नवादा(अपना नालंदा)। बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के अंतर्गत संचालित "सबका सम्मान-जीवन आसान" अभियान के तहत शुक्रवार को नवादा जिले के विभिन्न सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देश पर ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल तथा जिला स्तरीय कार्यालयों में लोगों की समस्याएं सुनी गईं।

समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई की अध्यक्षता वरीय उपसमाहर्ता मनोज चौधरी ने की। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की कुल 13 शिकायतें दर्ज की गईं। शिकायतों में भूमि विवाद, अतिक्रमण, दाखिल-खारिज, नामांतरण तथा बैंक खाते से अनधिकृत निकासी जैसे मामले शामिल रहे।

अस्पताल मोड़ निवासी मनोज कुमार ने निजी भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत दर्ज कराई। वहीं मिर्जापुर के परमेश्वर महतो ने भूमि नामांतरण, जमुआरा निवासी अश्विनी कुमार शर्मा ने बैंक खाते से अनधिकृत निकासी तथा बरेव निवासी अजय प्रसाद ने दाखिल-खारिज से संबंधित आवेदन दिया।

जनसुनवाई के दौरान वरीय उपसमाहर्ता ने कुछ मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया, जबकि अन्य शिकायतों को जांच और आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निपटारा सुनिश्चित किया जाए।

जिले के सभी प्रखंड, अंचल, थाना एवं अनुमंडल कार्यालयों में भी जनसुनवाई सफलतापूर्वक संपन्न हुई, जहां लोगों की समस्याएं सुनकर समाधान की दिशा में आवश्यक पहल की गई।

# 800 साल से खड़ा है प्रकृति का महायोद्धा!

# दरभंगा के इस वटवृक्ष को विरासत वृक्ष बनाने की उठी मांग



वट वृक्ष यानि बरगद की पूजा हम सदियों से करते चले आ रहे हैं , यह सर्व विदित है । यदि वनस्पति शास्त्र की भाषा में देखा जाए , तब वट वृक्ष ( बरगद ) ; वानस्पतिक नाम - Ficus benghalensis ; कुल का नाम - Moraceae एक ऐसा वृक्ष है , जो अत्यधिक शाखित और लंबी आयु तक जीवित रहने वाला वृक्ष है । यहां बताते चलें कि बरगद प्रकृति के द्वारा प्रदत एक ऐसा उपहार है , जो वायुमंडल में जीवन रक्षक ऑक्सीजन की मात्रा को नियंत्रित करने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है । यह वृक्ष वानस्पतिक जगत के अंतर्गत ( पीपल, पाकर , गुलर , अंजीर को छोड़कर) वायुमंडल में सबसे अधिक जीवन रक्षक ऑक्सीजन उत्सर्जित करने वाला वृक्ष है । अत्यधिक शाखित और विशालकाय होने के कारण यह वृक्ष प्रकाश संश्लेषण की क्रिया के लिए जितनी कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित करता है , उतनी ही मात्रा में जीवन रक्षक ऑक्सीजन वायुमंडल में उत्सर्जित करता है । परिणामस्वरूप वायुमंडल में ऑक्सीजन की मात्रा नियंत्रित रहती है और कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा सामान्य से बढ़ने नहीं पाती है । यही नहीं , बरगद का वृक्ष जैव विविधता को कायम रखने में भी अहम भूमिका निभाता है । विशालकाय और अत्यधिक्त शाखित होने के कारण इनमें विभिन्न प्रकार के चिड़ियों जैसे तोता, मैना , कौआ एवम अन्य पंछियों का आश्रय स्थल होता है । गिलहरियों को इनकी शाखाओं पर फुदकते हुए हम देखते हैं । चमगादड़ , गिलहरी , सांप का प्राकृतिक वास बरगद ही होता है। इस पर लगने वाले फल कई प्रकार की चिड़ियों को भोजन भी प्रदान करते हैं ।

यहां एक अहम जानकारी आम नागरिकों को हम देना चाहते हैं कि अंजीर ततैया ( FIG WASP ) नामक कीट का बरगद के साथ सह जीवी संबंध ( Symbiotic relationship ) a होता है। बरगद वृक्ष में परागण ( Pollination ) की क्रिया केवल कीट अंजीर ततैया के द्वारा ही होता है और अंजीर ततैया अपना अंडा बरगद के मादा फूल में ही देती है । यह सह जीवन का एक बहुत ही सुंदर उदाहरण है । अंजीर ततैया अपना जीवन चक्र बरगद के वृक्ष पर ही पूरा करता है । यह सह जीवन प्राचीन काल से ही चला आ रहा है , जो आज भी हमें देखने को मिलती है । बरगद की पतियां और टहनियां जब जमीन पर गिरते है , तब इनसे निर्मित प्राकृतिक खाद से केंचुआ और कई सूक्ष्म जीव पोषण प्राप्त करते हैं ।

इसी को कहते हैं - " जैव विविधता ( BIODIVERSITY ) । " Biodiversity is diverse form of life on the earth ) . वटवृक्ष इसका एक बेहतरीन उदाहरण हैं ।

बिहार के दरभंगा जिले के बहेरी प्रखंड के पधारी गांव में अवस्थित 700 - 800 वर्ष पुराना वट वृक्ष की जानकारी हमें गूगल में दैनिक भास्कर द्वारा दिनांक 05. 06. 2026 को पोस्टेड अहम खबर से मिली । एक वनस्पतिशास्त्री और जन्तु शास्त्री होने के नाते लेखकद्वय ने इसे आम जनों तक पर्यावरणीय दृष्टिकोण से उचित समझा । इसी का परिणाम है - यह आलेख ।

दिनांक 06.06.2026 को हिंदुस्तान , नगर संस्करण , पटना के मुख्य पृष्ठ पर मुंगेर की धरती में 700 से भी अधिक पुराना वट वृक्ष मिला । इस खबर को भी लेखकद्वय ने अपनी टिप्पणी के साथ आलेख के द्वारा जन मानस तक पहुंचाने का काम किया था । यह आलेख कई समाचार पत्रों में प्रकाशित भी हुआ था ।

बहेरी के पधारी गांव में अवस्थित अत्यधिक पुराना वट वृक्ष आज गांव की पहचान और आस्था का प्रतीक बना हुआ है । इस वृक्ष के नीचे यदि आप बैठें , तब आपको शीतलता का अनुभव होता है । इस गांव के लोग इसे ब्रह्म स्थान के रूप में पूजते हैं । कई वर्ष पहले गोपालगंज जिले के एक गांव में पाकर का एक विशाल वृक्ष था । उस वृक्ष के नीचे बैठने पर ए सी ( A C ) का एहसास होता था और ग्रामीण उसी वृक्ष के नीचे भीषण गर्मी में भी शीतलता का अनुभव करते थे , किन्तु उस वृक्ष में फंगस लग जाने के कारण प्रकृति द्वारा प्रदत वह अनमोल धरोहर अब हमारे बीच नहीं है । यह पर्यावरणीय दृष्टिकोण से एक बहुत बड़ी क्षति हम मानते हैं ।

दरभंगा जिला अन्तर्गत बहेरी प्रखंड के पधारी गांव में अवस्थित 700- 800 वर्ष पुराना वट वृक्ष को अविलंब संरक्षित कर विरासत वृक्ष घोषित किए जाने की आवश्यकता है । यही नहीं कार्बन डेटिंग की आधुनिक तकनीक से इस वृक्ष की सही आयु भी पता लगाने की जरूरत है , ताकि प्रकृति की उस अनमोल धरोहर की जानकारी आने वाली पीढ़ियां को मिल सके और इस वृक्ष के धार्मिक और पर्यावरणीय महत्व को समझ कर वे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सकारात्मक भूमिका अदा कर सके ।

**आलेख - प्रो. श्याम नंदन प्रसाद , पर्यावरणविद् सह चीफ कॉर्डिनेटर , वनस्पति शास्त्र विभाग , नालंदा खुला विश्वविद्यालय , नालंदा , बिहार , इंडिया ।**

**प्रो. नन्दीपति तिवारी , जंतु विशेषज्ञ सह चीफ कॉर्डिनेटर , जंतु शास्त्र विभाग , नालंदा खुला विश्वविद्यालय , नालंदा , बिहार , इंडिया ।**

# राजगीर मलमास मेले में सेवा कार्य के लिए स्काउट-गाइड के छात्र रवाना



सुधीर प्रसाद

बेन (अपना नालंदा)। बेन प्रखंड मुख्यालय स्थित ऑक्रिज सेंट्रल स्कूल के स्काउट एवं गाइड के छात्र-छात्राओं को राजगीर मलमास मेले में आयोजित सेवा शिविर के लिए रवाना किया गया। विद्यालय के निदेशक एवं समाजसेवी शैलेन्द्र कुमार ने हरी झंडी दिखाकर बच्चों को विदा किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्काउट और गाइड का उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा, अनुशासन, नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। राजगीर के मलमास मेले में एक सप्ताह तक चलने वाले शिविर के दौरान छात्र-छात्राएं श्रद्धालुओं की सहायता कर समाजसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करेंगे।

स्काउट एवं गाइड शिक्षक रजनीश कुमार के नेतृत्व में बच्चों का दल राजगीर रवाना हुआ। शिविर में शामिल विद्यार्थी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को मार्गदर्शन, सहायता तथा अन्य आवश्यक सेवाएं प्रदान करेंगे।

विद्यालय प्रबंधन ने छात्रों को सेवा कार्य के प्रति समर्पण, अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, अभिभावक एवं अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

# बेन में शराब बेचते युवक गिरफ्तार, 24 पाउच देसी शराब बरामद



सुधीर प्रसाद

बेन (अपना नालंदा)। बेन थाना क्षेत्र में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से शराब बेच रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके पास से देसी शराब के 24 पाउच बरामद किए गए हैं।

थानाध्यक्ष रविराज सिंह ने बताया कि संध्या गश्ती के दौरान पुलिस पदाधिकारी रंजय कुमार सिंह को गुप्त सूचना मिली कि बेन बाजार क्षेत्र में एक व्यक्ति टेबल पर शराब रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और छापेमारी की।

कार्रवाई के दौरान एक प्लास्टिक के बोरे में रखे ढाई सौ ग्राम के 24 पाउच देसी शराब बरामद किए गए। पुलिस ने मौके से बेन निवासी भोला कुमार (19 वर्ष), पिता सतेंद्र चौधरी को गिरफ्तार कर लिया।

थानाध्यक्ष ने बताया कि बरामद शराब को जब्त कर लिया गया है तथा गिरफ्तार युवक के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।पुलिस ने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# विकास बनाम वर्चस्व:
# बिहारशरीफ नगर निगम में छिड़ी श्रेष्ठता की लड़ाई




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहारशरीफ नगर निगम इन दिनों राजनीतिक वर्चस्व चरम है। सशक्त की चुनाव के बाद वार्ड पार्षदों का दो खेमा हो गया है। दोनों खेमे में अहंम टकरा है। दोनों खेमे के लोग नगर निगम के हर निर्णय पर हावी होना चाह रहें है। दोनों गुटों द्वारा अपने को श्रेष्ट मान रहें है।विकास कार्यों से अधिक आंतरिक खींचतान और गुटबाजी की चर्चाओं को लेकर सुर्खियों में है। शहर के विभिन्न इलाकों में सड़क, नाला, सफाई, जलनिकासी और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को लेकर नागरिक लगातार शिकायतें कर रहे हैं। ऐसे में नगर निगम की कार्यशैली और प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर कई सवाल उठने लगे हैं। लोगों का कहना है कि नगर निगम का मुख्य उद्देश्य शहर के विकास और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाना है, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में विकास कार्यों की रफ्तार धीमी पड़ती दिखाईदे रही है। कई वार्डों में अधूरे पड़े कार्य, जलजमाव की समस्या और सफाई व्यवस्थाको लेकर लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। नागरिकों का आरोप है कि जनहित केमुद्दों को प्राथमिकता देने के बजाय निगम के भीतर गुटबाजी और आपसी खींचतान का माहौल बना हुआ है।

शहर में यह चर्चा भी जोर पकड़ रही है कि कुछ ऐसे लोग नगर निगम के निर्णयों और कार्यों पर प्रभाव डाल रहे हैं, जिनका किसी संवैधानिक या निर्वाचित पद से सीधा संबंध नहीं है। इसको लेकर आम नागरिकों के बीच सवाल उठ रहे हैं कि प्रशासनिक और जनप्रतिनिधियों से जुड़े कार्यों में गैर-निर्वाचित व्यक्तियों की भूमिका आखिर कितनी उचित है।

इसी बीच मेयर और डिप्टी मेयर की सक्रियता को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि जब जनता ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर जनप्रतिनिधियों को चुना है, तो जवाबदेही भी उन्हीं की बनती है। लोगों के बीच यह चर्चा है कि यदि जनप्रतिनिधियों के परिजन या करीबी लोग कार्यालयों में बैठकर प्रभाव डालते हैं या कार्यों में हस्तक्षेप करते हैं, तो इससे प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही प्रभावित हो सकतीहै।कई नागरिकों ने यह भी आरोप लगाया है कि नगर निगम में बढ़ती पैरवी, सिफारिश औरकथित दलाली की संस्कृति के कारण आम लोगों के कार्य समय पर नहीं हो पा रहे हैं। उनका कहना है कि विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक है कि निर्णय प्रक्रिया पारदर्शी हो और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

हालांकि इन आरोपों और चर्चाओं पर नगर निगम प्रशासन या संबंधित जनप्रतिनिधियों की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। लेकिन शहर में चल रही चर्चाओं ने यह जरूर स्पष्ट कर दिया है कि जनता अब विकास कार्यों की गति, पारदर्शिता और जवाबदेही को लेकर अधिक सजग हो गई है।

अब शहरवासियों की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि नगर निगम विकास और जनसेवा के अपने मूल उद्देश्य पर ध्यान केंद्रित करता है या फिर गुटबाजी और राजनीतिक खींचतान की चर्चाएं आगे भी सुर्खियों में बनी रहती हैं। जनता की अपेक्षा है कि शहर के विकास, स्वच्छता और मूलभूत सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता मिले, ताकि बिहारशरीफ एक बेहतर और सुव्यवस्थित शहर के रूप में आगे बढ़ सके।

## हरनौत के आंगनबाड़ी केंद्र में बिजली, शौचालय और भवन का अभाव



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के हरनौत प्रखंड में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं की कमी बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। हरनौत बाजार स्थित पटेल नगर आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-87 की स्थिति विशेष रूप से चिंताजनक है, जहां बिजली, शौचालय, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाओं का अभाव है।

जानकारी के अनुसार, केंद्र को विद्युत कनेक्शन तो उपलब्ध कराया गया है, लेकिन केवल मीटर तक ही व्यवस्था सीमित है। भवन में न तो पंखे लगाए गए हैं और न ही प्रकाश की समुचित व्यवस्था है। भीषण गर्मी में छोटे बच्चों को ऐसे माहौल में पढ़ाई करने और समय बिताने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

केंद्र का अपना भवन भी नहीं है। यह केंद्र पास के मध्य विद्यालय के एक जर्जर कमरे में संचालित हो रहा है। भवन की स्थिति खराब है और आसपास गंदगी का अंबार लगा हुआ है। यहां लगभग 40 बच्चों को शिक्षा देने के साथ-साथ पोषाहार वितरण, स्वास्थ्य जांच तथा गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को पोषण संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं।

केंद्र की सेविका संजूलता कुमारी ने बताया कि पिछले पांच वर्षों से केंद्र इसी जर्जर भवन में चल रहा है। मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों को आवेदन दिया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

वहीं, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ) पिंकी कुमारी ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। शिकायत मिलने पर आवश्यक जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ज़मीनी विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट,विम्स रेफर



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)।तेलमर थाना क्षेत्र में अक्सर मारपीट की घटना होते रहती है। इसी कड़ी में थाना क्षेत्र के तेलमर गांव में मामूली से विवाद को लेकर दो गुटों के बीच झगड़ा हो गई ।जिसमें एक पक्ष से एक व्यक्ति की चोट लगने से जख्मी हो गए। जख्मी व्यक्ति हरेराम पांडे ने बताया कि मामूली सी विवाद को लेकर कहां सुनी हो गई उसके बाद शंभू पांडे, उमा पांडे, अलख पांडे, और पवन पांडे ने मिलकर मारपीट कर जख्मी कर दिया। आनन फानन इलाज के लिए स्थानीय कल्याण विगहा दन देने के बाद मामले की जांच की जाएगी। रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद डॉक्टर ने उन्हें बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया। हालत को गंभीर देखते हुए वहां से भी पावापुरी विम्स रेफर कर दिया। जहां जख्मी की इलाज जारी है। वही जख्मी के परिजन के द्वारा घटना की जानकारी तेलमर थाना पुलिस को दी गई है। थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि अपने ही भाई के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया है। प्रथम दृष्टि से जमीन बंटवारे को लेकर झगड़ा का प्रतीत हो रहा है। जख्मी के द्वारा आवे

# पंचायत चुनाव आरक्षण रोस्टर की प्रतीक्षा में बढ़ी राजनीतिक हलचल




हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। वर्ष 2026 के पंचायत चुनाव को लेकर हरनौत प्रखंड में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। गांवों से लेकर बाजारों के चौक-चौराहों तक संभावित उम्मीदवारों और आम लोगों के बीच चुनावी चर्चाएं जोरों पर हैं। हालांकि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आरक्षण रोस्टर जारी नहीं किए जाने के कारण प्रत्याशियों के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

विभागीय सूत्रों के अनुसार 15 जून तक पंचायत चुनाव से संबंधित आरक्षण गाइडलाइन जारी होने की संभावना है। इसके बाद प्रखंडों से आरक्षण सूची मांगी जाएगी, जिसे जिला प्रशासन अंतिम रूप देकर राज्य निर्वाचन आयोग को भेजेगा। आयोग की स्वीकृति के बाद ही आरक्षण सूची आधिकारिक रूप से लागू होगी।प्रशासनिक स्तर पर चुनाव की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।ईवीएम मशीनों के सुरक्षित रख-रखाव के लिए स्थानों का चयन किया जारहा है तथा दावा-आपत्ति के निपटारे का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। विभाग ने वर्ष 2006 और 2016 के पंचायत आरक्षण रोस्टर को आयोग के पोर्टल पर अपलोड कर दिया है। दोनों रोस्टरों के तुलनात्मक अध्ययन के आधार पर नया आरक्षण रोस्टर तैयार किया जा रहा है।बीडीओ डॉ. पंकज कुमार ने बताया कि प्रखंड की 16 पंचायतों में मुखिया, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य, पंच और जिला परिषद सदस्य पदों के लिए चुनाव होगा। इन पंचायतों में कुल 216 वार्ड हैं। आरक्षण स्पष्ट नहीं होने के बावजूद संभावित प्रत्याशी अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि आरक्षण गाइडलाइन जारी होते ही चुनावी तस्वीर साफ हो जाएगी और गांवों में चुनावी गतिविधियां और तेज हो जाएंगी।

# खरीफ महाअभियान कर्मशाला में किसानों की आय बढ़ाने पर जोर




अखिलेंद्र कुमार


बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। शारदीय (खरीफ) महाअभियान 2026-27 के तहत जिला स्तरीय एकदिवसीय खरीफ कर्मशाला-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अस्थावां विधायक जितेंद्र कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर नालंदा उद्यान महाविद्यालय नूरसराय, कृषि विज्ञान केंद्र हरनौत तथा कृषि विभाग के कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

जिला कृषि पदाधिकारी ने वर्ष 2025-26 की उपलब्धियों और वर्ष 2026-27 के लक्ष्यों की जानकारी देते हुए कृषि कर्मियों के योगदान की सराहना की। नालंदा उद्यान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रणधीर कुमार ने किसानों के बीच चौपाल लगाकर "खेत बचाओ अभियान" को सफल बनाने, धान के साथ दलहनी फसलों, मिलेट्स और बागवानी फसलों का रकबा बढ़ाने पर बल दिया। उन्होंने रासायनिक उर्वरकों के सीमित उपयोग तथा जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई।

कृषि विज्ञान केंद्र की वरीय वैज्ञानिक डॉ. सीमा कुमारी ने खरीफ फसलों में लगने वाले कीटों एवं रोगों के प्रबंधन तथा फसल विविधीकरण की जानकारी दी। विधायक जितेंद्र कुमार ने फार्मर आईडी, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण आधारित योजनाओं और मृदा स्वास्थ्य कार्ड के महत्व पर प्रकाश डालते हुए किसानों तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में मृदा परीक्षण, जैविक खेती, पौधा संरक्षण, कीट प्रबंधन तथा कृषि यंत्रीकरण से संबंधित विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। अधिकारियों को उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा जमाखोरी व कालाबाजारी रोकने के निर्देश भी दिए गए। कर्मशाला का उद्देश्य खरीफ मौसम में उत्पादन बढ़ाने और किसानों को आधुनिक एवं टिकाऊ कृषि तकनीकों से जोड़ना रहा।

# एलएस के औचक निरीक्षण में गायब मिली सेविका , केंद्र भी बंद




हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)।समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित हरनौत बाजार में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 87(पटेल नगर) का औचक निरीक्षण सीडीपीओ पिंकी कुमारी के निर्देश पर महिला सूपरवाईजर(एलएस) गीता देवी ने शनिवार को किया था।एलएस ने बताया कि निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 87 बंद पाया गया।यहां तक सेविका संजूलता कुमारी जांच में उक्त केंद्र पर से बिना किसी सूचना के गायब मिली थी। वहीं सेविका संजूलता कुमारी बताती है कि भीषण गर्मी पड़ रही है। केंद्र पर न पंखा न लाईटें और न हीं पेयजलापूर्ति की व्यवस्था है। शौचालय की भी व्यवस्था नहीं है। तकरीबन सवा ग्यारह के बाद एलएस निरिक्षण में आई थी।उस समय हम( सेविका) केंद्र बंद करके शौच करने गए थे। वहीं सीडीपीओ पिंकी कुमारी ने कहा कि अगर एलएस कार्यालय में रिपोर्ट की होगी तो उचित करवाई की जाएगी।

## अपराध, महंगाई और बेरोजगारी के विरोध में आज राजद का धरना प्रदर्शन

थरथरी (अपना नालंदा)। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राज्यव्यापी आंदोलन के तहत मंगलवार को थरथरी प्रखंड मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने को लेकर सोमवार को थरथरी स्थित पार्टी कार्यालय में राजद कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र यादव ने की। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिहार में अपराध की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे आम लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के कारण आम जनता का जीवन प्रभावित हो रहा है, लेकिन सरकार इन समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर नहीं दिख रही है।

# सैलून में शेविंग कराते युवक की बाइक लेकर चोर फरार

मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। इस्लामपुर थाना क्षेत्र में बाइक चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामले में सैलून में शेविंग कराने गए एक युवक की बाइक कुछ ही मिनटों में चोरों ने उड़ा ली। घटना के बाद पीड़ित परिवार में चिंता का माहौल है, वहीं स्थानीय लोगों ने पुलिस से गश्त बढ़ाने और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार इस्लामपुर नगर के मलह बिगहा मुहल्ला निवासी मो. अफताब अंसारी की बाइक उनके भांजे मो. सबा करीम के पास थी। मो. सबा करीम किसी कार्य से बड़ही टोला गए थे। वहां एक मकान के समीप उन्होंने अपनी बाइक खड़ी की और पास स्थित सैलून में शेविंग कराने चले गए।

बताया जाता है कि शेविंग कराने के बाद जब वह बाहर निकले तो उनकी बाइक वहां नहीं थी। बाइक गायब देखकर उनके होश उड़ गए। उन्होंने आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की तथा आसपास के इलाकों में काफी खोजबीन की, लेकिन बाइक का कोई पता नहीं चल सका।

घटना की जानकारी मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंचे और अपने स्तर से बाइक की तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद पीड़ित मो. अफताब अंसारी ने इस्लामपुर थाना में लिखित आवेदन देकर बाइक चोरी की सूचना दी और वाहन बरामद करने की मांग की।थानाध्यक्ष ने बताया कि आवेदन प्राप्त हो गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा करने का प्रयास किया जाएगा।